तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 8 सितंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

शिक्षक बच्चों को अच्छा इंसान बनाते हैं

4




## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्य के लिए नीतू सम्मानित



**बैकुण्ठपुर।** छात्रों के सर्वांगीण विकास और बेहतर व्यक्तित्व के लिए निरंतर प्रयास कर रही शिक्षिका नीतू कुशवाहा को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षक पुरस्कार के अंतर्गत ज्ञान दीप पुरस्कार से अलंकृत किया गया। शिक्षिका श्रीमती कुशवाहा ने कहा कि यह प्रेरणा उन्हें और अधिक लगन, उमंग और निष्ठा से कार्य करने की ऊर्जा प्रदान करता रहेगा।

### सूतक काल में बंद रहे मंदिरों के पट



**बैकुण्ठपुर।** रविवार की रात्रि में वर्ष का अंतिम पूर्ण चंद्रग्रहण लगा। इसके चलते दोपहर में ही शहर के मंदिरों में पट श्रद्धालुओं के पूर्व अर्चना के लिए बंद कर दिए गए। जानकारी के अनुसर चंद्र ग्रहण के 9 घंटे पूर्व सूतक लगने के कारण दोपहर 12:57 पर मंदिरों के पट बंद कर दिए गए। इस तरह शहर के सभी मंदिरों के पट दोपहर में श्रद्धालुओं के लिए बंद हो गए, इसके अगले दिन सोमवार को सुबह विधि-विधान के साथ गंगाजल छिड़ककर शुद्धिकरण किया जाएगा, इसके बाद सभी बंद मंदिरों के पट श्रद्धालुओं के दर्शन तथा पूजा-अर्चना के लिए खुल जाएंगे। सूतक लगने के दौरान लोग अपने घरो में ही जप तप भजन-कीर्तन कर सकते हैं, लेकिन सूतक के दौरान मंदिरों में पट बंद रहने के कारण पूजा-अर्चना वर्जित है, वहीं सूतक के दौरान कोई शुभ कार्य नहीं किया जाता।

### विश्रामगृह में अब बिना अनुमति प्रवेश वर्जित



**मनेन्द्रगढ़।** अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय से जारी आदेश में कहा गया है कि मनेन्द्रगढ़ स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह का आवंटन अब केवल अनुविभागीय दंडाधिकारी अथवा जिला सत्कार अधिकारी की अनुमति से ही किया जाएगा। शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों और सत्कार संबंधी प्रचलित नियमों के अनुरूप विश्रामगृह का उपयोग होगा तथा इसमें केन्द्र, राज्य शासन और जिला प्रशासन द्वारा अधिकृत अतिथियों को प्राथमिकता दी जाएगी। बिना अनुमति किसी भी निजी या अनधिकृत व्यक्ति का प्रवेश विश्रामगृह में पूर्णतः निषेध रहेगा। प्रत्येक आवंटन के लिए पूर्व स्वीकृति तथा बुकिंग रजिस्टर में प्रविष्टि अनिवार्य होगी। विश्रामगृह परिसर में वाहनों की पार्किंग की अनुमति केवल अधिकृत आगंतुकों और शासकीय वाहनों को ही होगी। यदि आदेश का उल्लंघन किया जाता है तो संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर-अंबिकापुर मुख्य मार्ग खड़गवां पर बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर चोट लगने से मौके पर ही अचेत हो गए। इधर घटना को देख आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच घायलों की हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा।

### चाकूबाजी की घटना में युवक की हुई थी मौत

# आरोपी गिरफ्तार, शहर में निकाला गया जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में 5 सितंबर की रात स्टेशन रोड पर हुई चाकूबाजी की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है।

इस घटना में युवक करण राठौर की मौत हो गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, इनमें 2 अपचारी बालक भी शामिल हैं। वहीं एक आरोपी अब भी फरार बताया जा रहा है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। मौके पर स्वयं पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह पहुंचे और जांच कर फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए। तकनीकी साक्ष्यों, मुखबीरों और लगातार प्रयासों से पुलिस ने 24 घंटे के भीतर हत्या का खुलासा कर आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार चाकू को जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में ऋतिक मिश्रा उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 7 स्टेशन रोड मनेन्द्रगढ़। रौनील मिश्रा उर्फ कुक्कू उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 7 स्टेशन रोड मनेन्द्रगढ़। भावेश पाटील उम्र 26 वर्ष निवासी जलगांव ⏭ शेष पेज 4 पर

■ एमसीबी पुलिस ने चाकूबाजी की घटना का किया खुलासा



खुलासा करते पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह।



आरोपियों का निकाला जुलूस।

### कोतवाली पुलिस ने निकाला हत्या के आरोपियों का जुलूस

मनेन्द्रगढ़ में शुक्रवार की रात स्टेशन रोड पर हुई युवक की जघन्य हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद शनिवार को कोतवाली पुलिस ने आरोपियों का पूरे शहर में जुलूस निकालकर उन्हें जनता के सामने पेश किया। शुक्रवार को देर रात स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटों में विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ा कि धारदार हथियार से युवक पर हमला कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान करण राठौड़, निवासी वार्ड क्रमांक-2 के रूप में हुई। इस वारदात से पूरे शहर में सनसनी फैल गई और गुस्साए लोगों ने आरोपियों की कड़ी सजा की मांग की थी। जुलूस के दौरान काफी संख्या में लोग सड़कों पर जमा हो गए। लोगों ने मृतक को न्याय दिलाने की मांग करते हुए आरोपियों के लिए कड़ी से कड़ी सजा की मांग की। इस बीच पुलिस अधिकारियों ने जनता से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की।




# सेवा पखवाड़ा अभियान पर कार्यशाला का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत भाजपा जिला कार्यालय छिन्दडांड में जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप जुदेव एवं जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में कार्यशाला संपन्न हुई। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री जुदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर विकसित भारत का संकल्प 2047 तक पूरा करने का आह्वान किया है। इसी कड़ी में सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाना है। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, खेलकूद और चित्रकला जैसी गतिविधियां आयोजित होंगी। पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल ने इस अभियान को समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बताया। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहितराम पैकरा ने विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर संवाद स्थापित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री कपिल जायसवाल एवं आभार प्रदर्शन पंकज गुप्ता ने किया।

■ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रबल रहे मौजूद

# रामानुज पीजी कॉलेज में एलुमनी मीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग राज्य रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में भूतपूर्व विद्यार्थियों का प्रथम एल्युमनी सम्मेलन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्राचार्य ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि शासन के निर्देशानुसार कॉलेज में एल्युमनी एसोसिएशन का गठन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से पूर्व छात्र हर वर्ष मिलकर वर्तमान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. गौरव मिश्र व वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ.प्रीति गुप्ता ने भी एल्युमनी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। पूर्व छात्र राष्ट्रपति पदक से सम्मानित डॉ.महेश कुमार मिश्रा ने एनएसएस से मिली शिक्षा को अपने जीवन की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण बताया। राजीव गुप्ता, विमल कुमार पुरी, लव कुमार राजवाड़े, शबाना बेगम सहित अन्य पूर्व विद्यार्थियों ने अपने संस्मरण साझा किए। कार्यक्रम में गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं। संचालन डॉ. कुलदीप ओझा एवं श्रीमती कंचन जायसवाल ने किया।

आयोजन समिति में भूपेन्द्र सिंह, डॉ. रामयश पाल, डॉ. सचिन सिंह, श्रीमती सपना जायसवाल सहित कई प्राध्यापकों व कर्मचारियों का सहयोग रहा।



कार्यक्रम में उपस्थित भूतपूर्व विद्यार्थी व प्राध्यापक।

### कीटनाशक पीने से गंभीर महिला की मौत

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुई महिला की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सामरी थाना अंतर्गत ग्राम नवाडीह निवासी जयमनिया नागेश पति फूलचंद नागेश (30 वर्ष) 26 अगस्त को अज्ञात कारणों से घर में रखे कीटनाशक को पी ली थी। घटना की जानकारी लगने पर परिजन महिला को सामरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# कॉलेज के विद्यार्थी आज निकालेंगे मौन रैली

**बैकुंठपुर।** जिले के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव पीजी कॉलेज परिसर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण का भूमिपूजन होने के बाद से शुरू हो गया।

कालेज परिसर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण के विरोध में अब शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव पीजी कॉलेज के साथ शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं भी लामबंद हो गए हैं, ऐसे में अब विरोध निर्णायक स्थिति में पहुंच सकता है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त दोनों महाविद्यालयों के वर्तमान एवं पूर्व छात्र -छात्राओं के द्वारा कॉलेज बचाओं अभियान की शुरूआत 8 सितंबर से कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार प्रातः 10:30 बजे से छात्र-छात्राओं के द्वारा कालेज परिसर से मौन रैली निकाली जाएगी, जो मुख्य मार्ग से होकर कुमार चौक, फवारा चौक, गांधी उद्यान से होकर वापस कालेज परिसर पहुंच कर समाप्त होगी, इसके साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पीजी कॉलेज परिसर के पास बीते दिनों पुलिस अधीक्षक कार्यालय निर्माण का भूमिपूजन विधिवत कर दिया गया, इसके बाद से ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय भवन निर्माण को लेकर विरोध शुरू हो गया और इसे लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जा चुका है,लेकिन इस पर कोई बदलाव का निर्णय नहीं लिया गया, ऐसे में निर्माण कार्य भूमिपूजन वाले स्थान पर ही शुरू होगा, इसे गंभीरता से लेते हुए पीजी कॉलेज एवं कन्या महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 6 सितंबर से मौन रैली विरोध दर्ज कराएंगे और फिर अनिश्चित कालीन धरना पर बैठ जाएंगे।

■ एसपी कार्यालय निर्माण का कर रहे विरोध



# वनमंत्री का कांग्रेसियों ने किया पुतला दहन



**बैकुण्ठपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया के नेतृत्व में रविवार को कुमार चौक के पास भाजपा सरकार के मंत्री केदार कश्यप का पुतला दहन किया गया।

यह विरोध उस घटना के विरोध में किया गया, जिसमें मंत्री पर कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट करने का आरोप सामने आया हैं। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काफी संख्या में भागीदारी की और मंत्री श्री कश्यप के खिलाफ नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह घटना न सिर्फ लोकतांत्रिक मयार्दाओं का उल्लंघन है बल्कि आमजन और कर्मचारियों का अपमान भी है। कांग्रेसियों ने कहा ⏭ शेष पेज 4 पर

### कटगोड़ी में बिजली आपूर्ति ठप

**कटगोड़ी।** कोरिया जिले के ग्राम कटगोड़ी में बीते कई दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली गुल रहने से न केवल घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि छात्रों की पढ़ाई और आवश्यक दैनिक काम भी बाधित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग की लचर व्यवस्था के कारण आए दिन ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ता हैं। समस्या की शिकायत कई बार विभागीय अधिकारियों से की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है। लगातार बिजली कटौती से लोगों में आक्रोश व्याप्त है और वे शीघ्र ही समस्या का निराकरण करने की मांग कर रहे हैं।

# पत्नी की हत्या कर लाश को जंगल में किया दफन, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के कोरंधा क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की डंडे से पिटाई कर हत्या कर दी। हत्या के बाद पकड़े जाने के डर से लाश को दफन कर दिया। जांच के दौरान पुलिस ने कब्र खोदकर लाश बाहर निकाला और जब कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपी युवक ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

■ कोरंधा क्षेत्र का मामला, पुलिस को करता रहा गुमराह

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के कोरंधा थाना अंतर्गत ग्राम हंसपुर निवासी 45 वर्षीय हीरालाल कुजूर आ. प्रेमसाय कुजूर पत्नी कलावती कुजूर के साथ 1 सितम्बर की दोपहर जंगल की तरफ गया हुआ था लेकिन शाम को सिर्फ हीरालाल कुजूर ही वापस आया जबकि कलावती घर नहीं लौटी। इस दौरान जब ग्रामीण के पुत्र शेखर कुजूर ने पिता से मां के बारे में पूछताछ की तो हीरालाल ने बेटे को बताया कि पति-पत्नी के बीच शराब के नशे में विवाद हुआ था जिससे नाराज होकर कलावती कहीं चली गई है। जब दो दिन बाद भी महिला वापस नहीं लौटी तो 3 सितम्बर को शेखर कुजूर ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने 4 सितम्बर को मामले में गुम इंसान कायम किया और महिला की तलाश कर रही थी। तलाशी के दौरान हंसपुर के हुटार जंगल में एक स्थान पर नई खोदी हुई मिट्टी नजर आई इसके साथ ही महिला का एक हाथ नजर आ रहा था। ऐसे में पुलिस ने एसडीएम कुसमी से अनुमति ली के बाद कब्र खोदकर लाश को बाहर निकाला। इस दौरान एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल पर बारीकी से जांच की। महिला की लाश को पुलिस ने पीएम के लिए भेजा था। प्रारंभिक पीएम रिपोर्ट में महिला के सिर पर चोट के निशान मिलने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने संदेही महिला के पति हीरालाल कुजूर को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि 1 सितम्बर को जंगल में शराब के नशे में दोनों के बीच विवाद हुआ था।

इस दौरान आरोपी ने पत्नी कलावती के सिर पर डंडे से वार कर दिया जिससे महिला घायल होकर वहीं गिर गई। पत्नी के गिरने के बाद नशे में धुत्त हीरालाल भी घर आ गया। 2 सितम्बर को जब उसका नशा उतरा तो वह पत्नी को खोजते हुए जंगल पहुंचा जहां उसकी पत्नी मृत पड़ी हुई थी। सिर में चोट लगने व खून बहने के कारण महिला की मौत हो गई थी। पत्नी की मौत के बाद पुलिस से बचने के लिए आरोपी ने जंगल में ही गड्ढा खोदकर लाश को दफन कर दिया और वापस घर लौट गया था। आरोपी पुलिस को गुमराह करने के लिए शुरुआत में झूठी खानी सुनाता रहा। अब पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103, 238 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



### श्राद्ध के लिए गयाजी जाने वाली बसों में सीटों के लिए मारामारी

# पितृपक्ष शुरू, पितरों का किया जाएगा तर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भाद्रपद मास के पूर्णिमा तिथि को चंद्रग्रहण के साथ ही श्राद्ध पक्ष की शुरूआत हुई जो आश्विन कृष्ण पक्ष अमावस्या के साथ समाप्त होगी। इस दौरान लोग अपने दिवंगत पितरों का श्राद्ध तर्पण करेंगे। धार्मिक मान्यता अनुसार पितृपक्ष में पितर धरती मेहमान बनकर आते हैं। इस दौरान उनका श्राद्ध, तर्पण, पिंड दान करने से परिवार में सुख-समृद्धि आती है।

इसी मान्यता को लेकर लोग अपने पितरों का श्राद्ध तिथि अनुसार करते हैं, जिससे पितर प्रसन्न होकर सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। यही कारण है कि पितृपक्ष को काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। माना जाता है कि जिन लोगों को पितृदोष होता है, उनके लिए यह महत्वपूर्ण तथा फलदायक समय होता है। इस दौरान अपने विधिवत पितरों के श्राद्ध तर्पण करने से पितृदोष दूर होता है। इसके लिए बड़ी संख्या में लोग बिहार के गयाजी जिले में जाते हैं, जिससे गयाजी जाने वाली बसों में सीटों के लिए मारामारी शुरू हो चुकी है। यहां पितृपक्ष में लोग अपने पितरों का तर्पण तिथि के अनुसार करते हैं, लेकिन जिन जातकों को अपने पितरों के तिथि ज्ञान नहीं है या संशय की स्थिति है तो ऐसे लोग सर्वपितृ अमावस्या को तर्पण कर सकते हैं। यह पक्ष एक धार्मिक परंपरा न होकर अपने दिवंगत पितरों के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता प्रकट करने का भी अवसर होता है।



### नदी सरोवर में स्नान कर तर्पण

पितृपक्ष के दौरान ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग नदी सरोवरों में सुबह स्नान कर अपने पूर्वजों को तर्पण अर्पित कर सामग्री नदी सरोवरों में प्रवाहित करते हैं, लेकिन शहरो में लोग अपने घर पर ही स्नान कर विधिवत पितरों का तर्पण करते हैं।

### कौओं का विशेष महत्व-

पितृपक्ष में कौओं का महत्व बढ़ जाता है। इस दौरान लोग अपने पितरों को प्रसन्न करने के लिए घर पर बने विभिन्न पकवान बनाकर पितरों को भोजन करने के लिए देते हैं। मान्यता है कि पितर इस दौरान कौए के रूप में आते हैं। इसी के चलते पितृ पक्ष में कौओं का महत्व बढ़ जाता है।

### चंद्र व सूर्य ग्रहण का अद्भूत संयोग


इस वर्ष पितृपक्ष के शुरूआत और समापन में चंद्र एवं सूर्य ग्रहण का अद्भूत संयोग बन रहा है, जिसे ज्योतिषीय दृष्टि से दुर्लभ माना जा रहा है। इस वर्ष भाद्रपद पूर्णिमा तिथि से श्राद्ध की शुरूआत हो गई। इस दिन पूर्ण चंद्रग्रहण भी लगा और आगामी 21 सितंबर को अमावस्या के दिन भी आंशिक सूर्य ग्रहण लग रहा है। हालांकि सूर्यग्रहण भारत में नहीं दिखेगा।

# मेश्राम को मिला सीएम शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार



**सोनहत।** वनांचल क्षेत्र की शिक्षिका एवं शासकीय बालक प्राथमिक शाला घुघरा की प्रधान पाठक श्रीमती पमिता मेश्राम को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण के तहत शिक्षादूत पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उन्हें शिक्षक दिवस पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, सोनहत-भरतपुर विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता एवं जिला शिक्षा समिति उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े के करकमलों से प्रदान किया गया। श्रीमती मेश्राम को यह सम्मान विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने, उत्कृष्ट प्रिंट रिच वातावरण निर्माण, अभिभावकों से संवाद बढ़ाने तथा शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया, इससे पूर्व वे शासकीय प्राथमिक शाला बेलिया में कार्यरत रहीं, जहां उन्होंने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने में विशेष योगदान दिया। उनके प्रयासों से अनेक बालिकाएं स्वामी आत्मानंद विद्यालय और एकलव्य विद्यालय में चयनित हुईं।



# 'अवतारः द वे ऑफ..' सिनेमाघरों में दोबारा हो रही रिलीज...

**मुंबई।** जेम्स कैमरून के निर्देशन में बनी फिल्म 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' 16 दिसंबर, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। सैम वर्थिंगटन, जो सलदाना और सिगोरनी वीवर की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म को काफी पसंद किया गया था और बॉक्स ऑफिस पर भी इसने कई कीर्तिमान हासिल किए। अब करीब 3 साल बाद फिल्म 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' को 2 अक्टूबर, को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। बता दें कि दुनियाभर में लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी 'अवतार' की तीसरी किस्त का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है।

लाइफ Style

# शनाया

## 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' में करेंगी डबल धमाका



शनाया के साथ 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' में अलाया एफ भी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। मुख्य अभिनेता के लिए कास्टिंग फिलहाल चल रही है। रीमा माया ने इस सीरीज के निर्देशन की कमान संभाली है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर ने फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। हालांकि, उनकी पहली फिल्म बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरी। आने वाले समय में शनाया एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगी। अब संजय की बेटी ओटीटी की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं। शनाया जल्द ही करण जौहर की वेब सीरीज 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' में नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, शनाया सीरीज 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' में डबल रोल से डबल धमाका करने वाली हैं। सीरीज पर काम काफी समय से चल रहा है। करण ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से वरुण धवन, आलिया भट्ट और सिद्धार्थ मल्होत्रा को बॉलीवुड में लॉन्च किया था। शनाया के साथ 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' में अलाया एफ भी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। मुख्य अभिनेता के लिए कास्टिंग फिलहाल चल रही है। रीमा माया ने इस सीरीज के निर्देशन की कमान संभाली है। यह जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी। हालांकि, अभी इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। बता दें कि शनाया जल्द ही 'वृषभ' में नजर आएंगी, जिसके हीरो सुपरस्टार मोहनलाल हैं।

हॉलीवुड मसाला




# विद्युत का हॉलीवुड में डेब्यू

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल इन दिनों अपनी अपकमिंग हॉलीवुड फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और आधिकारिक तौर से विद्युत जामवाल इस फिल्म से जुड़ चुके हैं। मशहूर वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित इस फिल्म में कई मशहूर हॉलीवुड सितारों सहित एक बड़ी टीम शामिल है। पैरामाउंट पिक्चर्स के प्रोडक्शन हाउस ने पोस्ट में लिखा 'अखाड़े में राज बहुत देर तक राज नहीं रहते।




# पॉपुलर म्यूजिक कंपोजर रिकी केज ने भारत का बढ़ाया मान

**लॉस एंजिल्स।** पॉपुलर म्यूजिक कंपोजर रिकी केज ने भारत का नाम तो रोशन किया ही है साथ ही उन्होंने अब पापुआ न्यू गिनी देश का नाम भी रोशन कर दिया है, उनकी वजह से इस देश को पहली बार ऑस्कर्स में एंट्री मिली है। पापा बूका के बैकग्राउंड स्कोर के लिए ऑस्कर्स नॉमिनेशन पाने के बाद रिकी ने रिएक्ट भी किया है। 3 बार जीतने वाले भारतीय मूल के म्यूजिक कंपोजर ने अब इस देश का बढ़ाया मान। फेमस म्यूजिशियन रिकी केज की दुनिया दीवानी है। अपने संगीत से उन्होंने ना सिर्फ सीमाएं तोड़ी हैं बल्कि उन्होंने संगीत के जरिए ही पूरी दुनिया को जोड़ने की कोशिश की है। रिकी भारतीय मूल के हैं और वे अमेरिका में रहते हैं। इसके अलावा अब उन्होंने कुछ ऐसा किया है जिससे पापुआ न्यू गिनी नाम के देश का मान बढ़ गया है।



# सनी विक्रमादित्य के साथ मिलाया हाथ

**मुंबई।** पिछली बार अनन्या पांडे के साथ फिल्म 'सीटीआरएल' लेकर आए निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी अब एक नई वेब सीरज लेकर आ रहे हैं। खास बात ये है कि उन्होंने अपने नए प्रोजेक्ट के लिए अभिनेत्री सनी लियोनी से हाथ मिलाया है। दोनों मिलकर एक वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं, जो एक सच्ची कहानी पर आधारित होगी। सनी न सिर्फ इस सीरीज को विक्रमादित्य के साथ मिलकर बना रही हैं, बल्कि इसमें मुख्य भूमिका भी खुद ही निभाएंगी। सनी ने इस पर कहा, मैं इस सहयोग को लेकर बेहद उत्साहित हूं। यह बायोपिक एक ऐसी कहानी पर आधारित है जिसने मुझे वास्तव में बहुत प्रेरित किया है और मैं इसे लेकर दर्शकों की प्रतिक्रिया का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। वेब सीरीज की कहानी से जुड़ी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।



# 'डॉन-3' की तैयारी, अब अमिताभ की बारी

**मुंबई।** रणवीर सिंह एक ओर जहां आदित्य धर के निर्देशन में बन रही फिल्म 'धुरंधर' को लेकर चर्चा में हैं, वहीं उनकी फिल्म 'डॉन 3' भी आने वाली है। इस फिल्म से जुड़े आए दिन नए-नए अपडेट सामने आ रहे हैं। अब इससे जुड़ी ऐसी रोचक जानकारी सामने आई है, जिसके बाद इसे लेकर दर्शकों का उत्साह दोगुना हो जाएगा। दरअसल, खबर है कि फिल्म में शाहरुख खान के बाद अब अमिताभ बच्चन की एंट्री भी हो गई है। फिल्म में शाहरुख के कैमियो पर तो चर्चा पहले ही हो रही थी और अब ताजा अपडेट ये है कि बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन भी इससे जुड़ गए हैं। बता दें कि पर्दे पर पहली बार डॉन अमिताभ ही बने थे। फिर फरहान अख्तर उनकी कालजयी फिल्म 'डॉन' का रीमेक लेकर आए और शाहरुख को नया डॉन बनाया।

टीवी मसाला



# 12वें सवाल का पूजा के कड़क जवाब से बिग बी भी हुए इंप्रेस

**मुंबई।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के 5 सितंबर के एपिसोड की शुरुआत रोलओवर कंटेस्टेंट कुमारी पूजा के साथ हुई, जिन्हें पढ़ने-लिखने का बहुत शौक है। वे पैसों की तंगी की वजह से पीएचडी नहीं कर पाईं, जिसे जानने के बाद अमिताभ बच्चन भी दुखी हुए। वे 2 लाख रुपये जीत चुकी थीं। उनके पास एक लाइफ लाइन बची थी। खेल की शुरुआत 9वें सवाल के साथ होती है। 3 लाख रुपये का 9वां सवाल रहा इनमें से कौन सा शब्द ग्रेट हिमालय के लिए प्रयोग किया जाता है, जो हिमालय बनाने वाली पर्वतमालाओं में सबसे ऊंची और सबसे उत्तरी पर्वतमाला है? विकल्प हैं- हिमाचल, शिवालिक, कुनलुन, हिमाद्रि।

कंटेस्टेंट पूजा ने जवाब के तौर पर विकल्प डी. हिमाद्रि को चुना, जो सही साबित हुआ। उन्होंने 5 लाख रुपये के 10वें सवाल का सही जवाब दिया। सुपर संदूक राउंड में कुमारी पूजा ने 8 सवालों के सही जवाब दिए, जिससे उन्होंने ऑडियंस पोल को जिंदा कर लिया। उन्होंने 11वें सवाल पर ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया।


सवाल है- भारत के प्रथम नारीवादी ग्रंथों में से एक मानी जाने वाली 1882 की 'स्त्री पुरुष तुलना' किसने लिखी थी? विकल्प हैं- ए. ताराबाई शिंदे, बी. रमाबाई रानाडे, सी. पंडिता रमाबाई, डी. सावित्रीबाई फुले।

कंटेस्टेंट पूजा ने ऑडियंस के साथ जाते हुए विकल्प बी. ताराबाई शिंदे को चुना, जो सही साबित हुआ। 12.50 लाख रुपये के 12वें सवाल पर पूजा दुविधा में थीं, लेकिन रिस्क उठाकर गेम खेला। सवाल था- 'इनमें से किस जीव को 2025 में विलुप्ति से वापस लाए जाने का दावा किया गया था?' विकल्प हैं- ए. टाई रैनोसॉरस रेक्स, बी. तस्मानियाई बाघ, सी. डोडो, डी. डायर-वुल्फ।

पूजा ने विकल्प डी. डायर-वुल्फ को चुना और 12.50 लाख जीतने में सफल रहीं। उन्होंने 25 लाख के सवाल पर गेम क्विट कर दिया।

कंटेस्टेंट से सवाल-जवाब के अलावा अमिताभ बच्चन क्विज शो में अपनी जिंदगी से जुड़े किस्से भी दर्शकों को सुनाते रहे हैं। उन्होंने पिछले एपिसोड में एक कंटेस्टेंट के सवाल पर अपने घर के माहौल के बारे में बताया। वे बोले, 'हमारे घर का माहौल सामान्य था। बच्चों की देख-रेख जया करेंगी और हम जाएंगे काम पर। उन्होंने सब कुछ देखा है। हमारे मन में एक क्लेश रहा है कि हम बच्चों के साथ ज्यादा वक्त नहीं बिता पाए। जब हम सुबह निकल रहे होते, तो वह सो रहे होते। घर आता, तो वह सोते हुए मिलते। हमें लगता कि काश हम भी अभिषेक-श्वेता के साथ वक्त बिता सकते। फिर यह तय हुआ कि आप इतवार को काम नहीं करेंगे।

# कार्तिक-अनन्या ने 'जुम्मा चुम्मा दे दे' पर किया डांस



**मुंबई।** अभिनेता कार्तिक आर्यन जल्द ही फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' में नजर आएंगे। इसमें उनकी जोड़ी अनन्या पांडे के साथ बनी है। समीर विद्वांस के निर्देशन में बन रही इस रोमांटिक फिल्म की शूटिंग खत्म हो गई है। करण जौहर इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। अब इस बीच अनन्या और कार्तिक का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों को 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गाने पर थिरकते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में अनन्या और कार्तिक को साथ में साल 1991 में आई फिल्म 'हम' के सुपरहिट गाने 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गाने में नाचते हुए देखा जा सकता है। इस गाने को असल में अमिताभ बच्चन और किमी काटकर पर फिल्माया गया था। 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' की बात करें तो इस फिल्म को अगले साल वैलेंटाइन डे के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिल्म 13 फरवरी, 2026 को दर्शकों के बीच आएगी।

# टाइगर श्रॉफ से लेकर संजय दत्त तक 'बागी 4' के लिए किसने ली कितनी फीस?

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बागी 4' आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म में संजय दत्त, हरनाज संधू और सोनम बाजवा भी अपनी अदाकारी का तड़का लगा रहे है। फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों से बढ़िया प्रतिक्रिया मिली है और देखना होगा कि यह पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करती है। आइए जानते हैं 'बागी 4' के लिए किस कलाकार ने कितनी फीस ली है।

***टाइगर को मिले 20 करोड़ रुपए :*** 'बागी 4' का बजट 70 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस फिल्म के लिए निर्माताओं से टाइगर 20 करोड़ रुपये चार्ज कर रहे हैं। वह एक बार फिर रॉनी के किरदार में दिख रहे हैं। फिल्म में उनका धाकड़ अवतार देखने को मिल रहा है। कहा जा रहा है कि संजय को इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में अभिनय करने के लिए 5.5 करोड़ रुपये मिल रहे हैं। संजय फिल्म में खूंखार खलनायक की भूमिका में दिख रहे हैं।



### अन्य कलाकारों की फीस

*'बागी 4' में टाइगर की जोड़ी हरनाज के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई दे रहे हैं। इस फिल्म के लिए हरनाज को 1 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। सोनम ने भी फिल्म के लिए 1 करोड़ रुपये की फीस ली है। श्रेयस तलपड़े को इस फिल्म के लिए 1 करोड़ रुपये और सौरभ सचदेवा को 50 लाख रुपये दिए गए हैं।*

## 'ऑफिसर ऑन ड्यूटी' सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का खिताब हासिल किया था

# 'लोकाह' से पहले इन मलयालम फिल्मों ने की ताबड़तोड़ कमाई

***मुंबई।** इन दिनों सिनेमाघरों में इस समय 'कुली', 'हृदयपूर्वम' और 'लोका चैप्टर 1', 3 चर्चित फिल्में मौजूद हैं। हालांकि, मोहनलाल और रजनीकांत जैसे सितारों के बीच प्रियदर्शन की बेटी कल्याणी प्रियदर्शन की कम बजट में बनी फिल्म 'लोकाह चैप्टर 1' बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाल कर रही है। इस सुपरहीरो मलयालम फिल्म के धमाकेदार प्रदर्शन के बीच आइए जानें मलयालम सिनेमा की कुछ ऐसी फिल्मों के बारे में, जिन्होंने कम बजट में बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की।*

### 'मंजुम्मेल बॉयज'

सच्ची घटना पर आधारित मलयालम फिल्म 'मंजुम्मेल बॉयज' का भी बॉक्स ऑफिस पर खूब बोलबाला रहा। फरवरी 2024 यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर हंगामा मचाना शुरू कर दिया था। फिल्म में सौबिन शाहिर और श्रीनाथ भासी जैसे कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई। 20 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने भारत में 141 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म जियो हॉटस्टार पर देखी जा सकती है।

### 'दृश्यम'

साल 2013 में आई मलयालम फिल्म 'दृश्यम' ने न केवल मलयालम सिनेमा



### 'आवेशम' और 'प्रेमलु'

मलयालम एक्शन कॉमेडी फिल्म 'आवेशम' का निर्माण फहाद फासिल ने किया था और इसके हीरो भी वो खुद ही थे। 'आवेशम' का बजट लगभग 30 करोड़ रुपये था और इसने बॉक्स ऑफिस पर 156 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। अमेजन प्राइम वीडियो और जियो हॉटस्टार पर यह फिल्म मौजूद है। दूसरी ओर 3 करोड़ रुपये के बजट में बनी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'प्रेमलु' ने 136 करोड़ रुपये कमाए थे। ये फिल्म जियो हॉटस्टार पर है।

बल्कि पूरे भारतीय बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। फिल्म में मोहनलाल लीड रोल में नजर आए थे।

जियो हॉटस्टार और यूट्यूब पर मौजूद इस फिल्म ने कई बड़े रिकॉर्ड बनाए। 5 करोड़ रुपये की लागत वाली इस फिल्म की कमाई 75 करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस जबरदस्त सफलता के बाद इसी नाम से बॉलीवुड में इसका रीमेक बना, जिसके हीरो अजय देवगन थे।

### 'ऑफिसर ऑन ड्यूटी'

मलायलम थ्रिलर फिल्म 'ऑफिसर ऑन ड्यूटी' ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की थी। फिल्म के हर मोड़ पर खतरनाक ट्विस्ट देखकर दर्शकों की आंखें खुली रह गई थीं। कुंचाको बोबन, प्रियामणि और ऐश्वर्या राज ने इसमें अहम भूमिका निभाई है। मात्र 10 से 12 करोड़ रुपये के बजट में बनने वाली इस फिल्म ने 55 करोड़ रुपये की कमाई कर केरल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का खिताब हासिल किया था। नेटफ्लिक्स पर ये फिल्म मौजूद है।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल शिक्षक सम्मान के लिए गोपाल का चयन

**बिश्रामपुर।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर के व्याख्याता गोपाल सिंह को राज्यपाल शिक्षक सम्मान 2025-26 के लिए चयनित किया गया है,राज्य के शिक्षा मंत्री ने गुरुवार को इसकी औपचारिक घोषणा की है।गौरतलब है कि गोपाल सिंह द्वारा अपने नेतृत्व में विद्यालय से विज्ञान के विभिन्न विधाओं में 4 बार राष्ट्रीय स्तर पर कुल 6 विद्यार्थियों और 6 बार राज्य स्तर पर कुल 15 विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में सम्मानित कराया है।इंस्पायर अवार्ड मानक एवं बाल विज्ञान कांग्रेस जैसी योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने के अलावा इनके द्वारा गणित एवं विज्ञान क्लब,यूथ एवं इको क्लब,युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम,बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम,एक पेड़ मां के नाम,विज्ञान दिवस,हर घर तिरंगा,योग की कक्षा,प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी,मोटिवेशनल स्पीच,डिजिटल क्लास रूम का उपयोग,विज्ञान के विभिन्न मॉडलों का निर्माण,क्रीडा प्रतियोगिता में सहयोग,स्वच्छता अभियान,प्रायोगिक सामग्री का उपयोग करके शिक्षण में रोचकता लाने का प्रयास किया जाता रहा है।इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय,राज्य एवं जिला स्तर पर आयोजित होने वाले बाल विज्ञान कांग्रेस एवं इंस्पायर अवार्ड मानक जैसी विधाओं में बच्चों को चयनित कराकर राष्ट्रीय,राज्य एवं जिला स्तर पर उत्कृष्ट स्थान दिलाने पर भी शिक्षक को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जा चुका है।शिक्षक ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय संस्था के प्राचार्य पीसी सोनी को दिया है।

### भैंस चराने को लेकर विवाद में हत्या का प्रयास, पांच गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** भैंस चराने को लेकर हुए विवाद में ग्रामीण की हत्या का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने ग्रामीण को घेरकर लाठी डंडे व टांगी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। लुंड्रा थाना पुलिस के अनुसार ग्राम बरौली निवासी ओमनारायण यादव 5 सितम्बर को अपने भैंस को चराने के लिए बरौली गांव की तरफ गया हुआ था। शाम 6 बजे मवेशियों को लेकर वापस लौटते समय लक्षन गोंड के घर के समीप सुनिल, सलीम, अखलेश, प्रमोद, फुलचन्द, विनोद, पारसनाथ ने उसे घेर लिया और अपने मवेशी को उनके खेत गांव की तरफ लाने और फसल चराने का आरोप लगाकर मारपीट करने लगे। पिटाई के दौरान ओमनारायण की टांगी छूटकर उसके हाथ से गिर गई जिसके बाद प्रमोद ने टांगी को उठाकर उसके सिर पर हमला कर दिया जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया।

## निधन

### सुकेश कुमार सोनी



**बैकुण्ठपुर।** शहर के डबरीपारा भवानी तिगड्डा निवासी युवा सुकेश कुमार सोनी का रविवार को आकस्मिक निधन अल्पायु करीब 36 वर्ष में हो गया है। वे डबरीपारा निवासी राजनाथ सोनी राजू के पुत्र थे। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मना

# शिक्षक बच्चों को अच्छा इंसान बनाते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़




दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालयी छात्र परिषद के सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्र- छात्राओं ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करते हुए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी सहित सभी सम्मानित शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्जवलन और डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की छायाचित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद विद्यालय के छात्रों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावपूर्ण बना दिया।

मंच पर रंगारंग प्रस्तुतियों में नृत्य, गीत, कविता पाठ और नाटिका शामिल थीं, इनमें छात्रों ने शिक्षकों के महत्व और उनके मार्गदर्शन को सुंदर ढंग से अभिव्यक्त किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर तिवारी ने इस अवसर पर सभी शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का स्त्रोत नहीं होते, बल्कि वे हमारे चरित्र, विचार और भविष्य का निर्माण करते हैं। वे हमें न केवल पढ़ाते हैं, बल्कि सही और गलत में अंतर समझाते हैं, कठिनाइयों से लड़ना सिखाते हैं और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के हमारे सभी शिक्षक हमारे जीवन के प्रकाश स्तंभ हैं। यहां के शिक्षक केवल किताबों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि हमें एक अच्छा इंसान बनने का मार्ग भी दिखाते हैं, आप सबकी मेहनत और समर्पण से ही यह विद्यालय नई ऊंचाइयों को छू रहा है। संस्था की निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह ने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक शिक्षक का कार्य केवल आपको पाठ्यक्रम की बातें सिखाना नहीं है, बल्कि जीवन जीने की कला, अनुशासन और मूल्यों का महत्व भी सिखाना है। हमारे विद्यालय के शिक्षक इस बात का ध्यान रखते हैं कि यहां आने वाला हर बच्चा न केवल विद्धान बने, बल्कि एक सदाचारी, जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक के रूप में विकसित हो।

### संकुल स्तरीय शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम




बैकुण्ठपुर। संकुल केन्द्र खरवत में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में एमआईएस प्रभारी विनय मोहन भट्ट और अध्यक्षता संकुल प्राचार्य बृजनारायण मिश्रा ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ डाक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया, वहीं मंच का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता वीरेन्द्र जायसवाल के द्वारा किया गया।

### रामानुज विद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह



बैकुण्ठपुर। शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक सोहनलाल पाण्डेय, श्रीमती इंद्रावती मिश्रा, पूर्व प्राचार्य यूएस शुक्ला, व्याख्याता गीता प्रसाद नेमा एवं राजेन्द्र प्रसाद सोनी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित कर किया गया। छात्रों ने सभी अतिथियों और शिक्षकों का बैच व तिलक लगाकर स्वागत किया। श्री पाण्डेय ने कहा कि संघर्ष से ही सफलता प्राप्त होती है, छात्रों को अनुशासित रहकर अध्ययन करना चाहिए। श्रीमती मिश्रा ने धैर्य और लगन को सफलता की कुंजी बताया। श्री सोनी ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन प्रसंगों से छात्रों को प्रेरणा लेने की बात कही। पूर्व प्राचार्य श्री शुक्ला ने विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता जताई और आगामी परीक्षाओं में भी इसी तरह श्रेष्ठ प्रदर्शन की आशा व्यक्त की। वहीं श्री नेमा ने अपनी कविता शिक्षक की महिमा से कार्यक्रम में उत्साह भर दिया। विद्यालय प्राचार्य श्रीमती केके टोप्पो ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अधिकारी संजीव कुमार जायसवाल ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य ने प्रस्तुत किया।



# समितियों से गायब यूरिया किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

सोसायटी से खाद नहीं मिलने से किसान काफी परेशान है। यूरिया की किल्लत होने से फसलों में समय पर खेतों में खाद छिड़काव नहीं कर पाने से अब किसान अपनी फसल को लेकर चिंतित नजर आ रहे है। आलम यह है कि सोसायटी से खाद नहीं मिलने पर किसान दुकानों से तीन से चार गुना कीमत पर खाद खरीदने को मजबूर है। इधर किसानों जल्द ही सोसायटी में खाद उपलब्ध नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

जुलाई से अगस्त महीना में धान रोपाई कार्य तेजी आया वही नवंबर-दिसंबर तक का समय धान कटाई का सीजन होता है। लेकिन इस बार शुरुआत से ही सहकारी समितियों ने सीमित मात्रा में खाद दिया। एक एकड़ में सिर्फ़ एक बोरी यूरिया बांटा गया। जबकि अगस्त में समितियों में यूरिया खत्म हो जाने तथा समय पर खेतो में लगी धान की फसल पर छिड़काव नहीं होने से अब फसल पर विपरीत असर पड़ना शुरू हो गया है। धान की पत्तियां पीली पड़ रही हैं, जगह-जगह बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि यूरिया और नैनो पोटाश समय पर न मिलने से फसल पीला पड़ चुका है। किसानों का कहना है कि अब जब फसल तैयार होने को है तो खाद के लिए जद्दोजद करनी पड़ रही है। समय पर फसल में खाद नहीं दिया गया तो फसल नुकसान होने का खतरा मंडराने लगा है। समय पर अगर यूरिया नहीं मिला तो फसल सही तरीके से नहीं हो पाएगी। ऐसे में धान की फसल खराब हुई तो कृषि कार्य के लिए कर्ज को पटा पाने में काफी मुश्किल होगा। समय पर यूरिया का छिड़काव फसल पर नहीं करने से भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों का कहना है कि जब भी समिति या सोसाइटी में पूछने जाते हैं तो हर बार यही जवाब मिलता है कि खाद आने वाला है। लेकिन 5 सितंबर तक खाद नहीं पहुंचा।

### किया जाएगा समस्या का समाधान

क्षेत्र में यूरिया, कंपोस्ट रासायनिक खाद्य की कमी है। एसडीओ खाद्य अधिकारी से बात कर जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

**-वन सिंह नेताम**
एसडीएम लखनपुर, उदयपुर

# अपनी मांगों को लेकर कृषि अधिकारी करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर




छग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी ने शासन की अनदेखी से नाराज होकर चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा कर दी। संघ का कहना है कि वर्षो से लंबित मांगों को लेकर बार-बार शासन को अवगत कराया गया, मगर समाधान की वजह सिर्फ आश्वासन ही मिला।

संघ की प्रमुख मांगे हैं कि ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों का वेतनमान संशोधन 4300 ग्रेड पे फिक्स टीए 2500 प्रतिमाह किया जाए, मोबाइल, इंटरनेट, लैपटॉप व स्टेशनरी के लिए संसाधन भत्ता, गैर विभागीय कार्यो से मुक्त लंबित पदोन्नति प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ किया जाए। संघ के जिलाध्यक्ष जयकुमार कुशवाहा एवं समस्त कृषि स्नातक शासकीय अधिकारी-कर्मचारी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि 8 से एवं 9 सितंबर को समस्त अधिकारी काली पट्टी लगाकर कार्य करेंगे। 15 सितंबर को तहसील व जिला स्तर पर रैली ज्ञापन साथ ही बिना संसाधन भत्ता के ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार करेंगे। 23 सितंबर को जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना एवं रैली निकालकर शासन को चेताया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार हमारी मांगे पूरी नहीं करती है तो आंदोलन जारी रहेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश पटेल, प्रांतीय उपाध्यक्ष संतोष ओहदार, पूर्व प्रांतीय सदस्य केके यादव सहित संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

# बच्ची से उठक बैठक कराने वाली शिक्षिका बर्खास्त, प्रभारी प्राचार्य की भी छुट्‌टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मामूली सी बात पर बच्ची से उठक बैठक कराने और डंडे से मारपीट करने मामले में स्कूल शिक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। हरिभूमि द्वारा प्रकाशित खबर के बाद डीईओ के निर्देश के बाद डीएवी स्कूल प्रबंधन की ओर से क्षेत्रीय संचालक ने छात्रा के साथ अमानवीय व्यव्हार करने वाली शिक्षिका को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। इसके साथ ही प्रभारी प्राचार्य को हटाकर छुट्टी पर भेज दिया गया है। फिलहाल इस मामले की जांच चल रही है और जांच के बाद कार्रवाई होगी।

बता दें कि सीतापुर क्षेत्र के प्रतापगढ़ में स्थित डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में पढने वाली कक्षा 2री की छात्रा समृद्धि गुप्ता आ. मनोज गुप्ता को स्कूल में शिक्षिका नम्रता गुप्ता द्वारा 100 बार उठक बैठक कराए जाने का सामने आया था। छात्रा के बड़े पिता और पिता ने शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर मामले की शिकायत करते हुए मदद की गुहार लगाई थी। परिजन का आरोप है कि स्कूल में जब छात्र ने बाथरूम जाने के लिए अनुमति मांगी तो कक्षा में मोबाइल फोन देख रही नम्रता गुप्ता ने बच्ची के पैर में दो डंडे मारे और फिर कक्षा में उससे उठक बैठक कराया। इतना ही नहीं छात्रा से उठक-बैठक के दौरान भी मारपीट की गई। उठक बैठक के कारण छात्रा के पैर की मांसपेशियों में खिंचाव हो गया जिससे वह दर्द से तड़प रही है और वह सीधे खड़े तक नहीं हो पा रही है। इस घटना से बच्ची डरी हुई है। वहीं परिजन का आरोप है कि जब उन्होंने स्कूल में प्राचार्य से मामले की शिकायत की तो प्राचार्य ने भी मामले में कार्रवाई नहीं की और पूरी घटना को ही झुठला दिया। बच्ची के साथ हुई इस घटना को हरिभूमि ने 6 सितम्बर के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशन के बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया है।

### डीईओ के पत्र के बाद की कार्रवाई

जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा ने वायरल वीडियो के साथ ही प्रकाशित खबर के आधार पर डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के भिलाई स्थित क्षेत्रीय संचालक को पत्र लिखकर कार्रवाई करने की अनुशंसा की थी। डीईओ के पत्र के बाद 6 सितम्बर को क्षेत्रीय संचालक ने शिक्षिका नम्रता गुप्ता को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है जबकि इस मामले में लापरवाही और शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं करने को लेकर प्रभारी प्राचार्य राजीव सिंह को जिम्मेदार माना गया है। क्षेत्रीय संचालक ने मामले में प्रभारी प्राचार्य राजीव सिंह को छुट्टी पर भेज दिया है इसके साथ ही कार्रवाई जारी है।

### की गई है कार्रवाई

बच्ची से उठक बैठक कराने और मारपीट को गंभीरता से लिया गया है। इस मामले में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के भिलाई स्थित क्षेत्रीय संचालक को पत्र लिखा गया था। डीएवी प्रबंधन ने शिक्षिका को बर्खास्त करने के साथ ही प्रभारी प्राचार्य को हटा दिया है। इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मेरा रेशम मेरा अभियान केंद्रीय रेशम बोर्ड एवं राज्य रेशम विभाग के बीच सहयोगात्मक प्रयास

**अम्बिकापुर।** रेशम क्षेत्र को पुनर्जीवित और मजबूत करने के लिए एक प्रमुख राष्ट्रीय पहल में केंद्रीय रेशम बोर्ड ने कपड़ा मंत्रालय के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में जागरूकता, प्रशिक्षण और प्रदर्शन कार्यक्रमों की एक व्यापक श्रृंखला सफलतापूर्वक लागू की है। मेरा रेशम मेरा अभिमान एमआरएमए का एक हिस्सा है जिसे कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा लॉन्च किया गया था। यह अभियान केंद्रीय रेशम बोर्ड और राज्य रेशम विभागों के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास है जिसे देश के 28 राज्यों और 120 से अधिक रेशम-संभावित जिलों में लागू किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य व्यापक प्रौद्योगिकी अपनाने और शोध संस्थानों और क्षेत्र-स्तरीय हितधारकों के बीच महत्वपूर्ण अंतर



को पाटकर जमीनी स्तर पर रेशम क्षेत्र को मजबूत करना है। जिले के लिए केंद्रीय रेशम बोर्ड ने इस पहल का नेतृत्व करने के लिए सीएसबी-सीएसआरटीआई, बेहरामपुर के वैज्ञानिक डॉ. यलप्पा हरिजन को नामित किया। उनका किसानों के बीच जागरूकता पैदा करने और बेहतर प्रौद्योगिकियों और वैज्ञानिक प्रथाओं को अपनाने को बढ़ावा देकर रेशम उत्पादकता और बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किए गए। डॉ. यलप्पा हरिजन ने 12 और 13 अगस्त को एक व्यापक दो-दिवसीय क्षेत्र भ्रमण किया। जिले में विभिन्न क्षेत्रों के 80 से अधिक किसानों के साथ सीधे बातचीत कर नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने में उनकी चुनौतियों और आवश्यकताओं को समझा। उन्होंने अपर निदेशक डॉ. राजेश बघेल; संयुक्त निदेशक सीएस. नोनहरे और रेशम विभाग के उप निदेशक आईके बगारी सहित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा भी की। 11 लक्षित कार्यक्रमों की योजना बनी: 8 शहतूत रेशम पर केंद्रित और 3 तसर रेशम पर समर्पित जागरूकता कार्यक्रम, जो जिले की दोनों क्षेत्रों में समान क्षमता को दर्शाता है। योजना को कार्यान्वित करते हुए 23 अगस्त से 2 सितंबर के बीच कुल 11 कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# चौथे दिन बरामद किया गया वृद्ध का शव लुत्ती बांध टूटने से बहे थे 7 ग्रामीण

**अंबिकापुर।** लुत्ती बांध टूटने से बहे छठवें ग्रामीण का शव को शनिवार को बरामद कर लिया गया है। ग्रामीण का शव खेत में पड़ा मिला लेकिन अभी भी बच्ची की तलाश जारी है। पुलिस द्वारा मृतक के शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

बता दें कि तातापानी के धनेशपुर स्थित लुत्ती बांध 2 सितम्बर की रात टूट गया था जिससे बाढ़ की चपेट में आकर कुल 11 ग्रामीण बह गए थे जिसमें से चार ग्रामीणों को बचा लिया गया था जबकि बच्चों समेत 7 लोग लापता थे। दो दिनों तक चले अभियान के बाद 61 वर्षीया बतसिया पति राम वृक्ष, उसकी बहु 35 वर्षीया चिंता पति सजीवन सिंह, 38 वर्षीया रजन्ती पति गणेश सिंह और 6 वर्षीया प्रिया आ. सजीवन की लाश बरामद की गई थी जबकि बाद में अभियान के दौरान 6 वर्षीय बालक कार्तिक आ. गणेश का शव भी बरामद किया गया था लेकिन जीतन और 3 वर्ष के बच्ची की तलाश की जा रही थी। शनिवार को भी सर्च अभियान जारी रहा। इस दौरान बुजुर्ग 60 वर्षीय जीतन आ. बन्धारी सिंह का शव खेत में मिला। पानी कम होने पर उसका खेत में नजर आया जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बद पुलिस ने शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। ग्रामीण का शव उसके घर से लगभग 1 किमी दूर मिला। इस हादसे में लापता हुई 3 साल की बच्ची वंदना सिंह अभी भी लापता है। लापता बच्ची की लताश में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

■ महिलाओं बच्चों समेत 6 के शव बरामद, एक बच्ची अभी भी लापता

## पृष्ठ 1 का शेष

### आरोपी गिरफ्तार, शहर...

महाराष्ट्र, रशीद खान उम्र 27 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 9 पेण्ड्रा दफाई मनेन्द्रगढ़, अमन केवट उर्फ बुटई उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 11 बस स्टैंड मनेन्द्रगढ़, सचिन जैन उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 9 पेण्ड्रा दफाई मनेन्द्रगढ़, प्रभात सौंधिया उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 7 स्टेशन रोड मनेन्द्रगढ़ एवं अपचारी बालक फरार आरोपी अक्कू उर्फ अकरम है। इस मामले में थाना मनेन्द्रगढ़ में अपराध क्रमांक 150/2025 धारा 103 (1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया है। हत्या के आरोपियों को पकड़ने में टीम निरीक्षक दीपेश सैनी, उपनिरीक्षक सुनील तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक राकेश शर्मा, किशन चौहान, प्रधान आरक्षक संतोष सिंह, प्रधान आरक्षक पुष्कल सिन्हा, आरक्षक जितेन्द्र ठाकुर, भूपेन्द्र यादव, राकेश तिवारी, रवि शर्मा, नीरज पढ़ियार, राकेश शर्मा, सुनील रजक, आरक्षक मंगल मूर्ति, उतरा कश्यप, प्रदीप लकड़ा, रोशन उके, परमीत सिंह, शाहबाज अंसारी आदि सक्रिय रहे।

### वनमंत्री का कांग्रेसियों...

कि मंत्री को तत्काल पद से हटाया जाए और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिमा सिंहदेव, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, महामंत्री बृजवासी तिवारी, जनपद अध्यक्ष उदय सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, जनपद सदस्य गणेश राजवाड़े, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, हेमसागर यादव सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## अच्छी वर्षा के लिए खाड़ी में हलचल होने का इंतजार

# सामान्य स्थिति से दक्षिण की ओर खिसकी मानसून द्रोणिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हाल में सक्रिय लो प्रेशर के आगे निकलने के बाद एक बार फिर मानसून द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति से खिसककर दक्षिण की ओर चली गई है। ऐसे में मौसम विज्ञानी खाड़ी में नया सिस्टम सक्रिय होने के बाद ही मानसून द्रोणिका के सामान्य स्थिति में लौटने एवं अच्छी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

इस बार जून एवं जुलाई में मानसून सरगुजा संभाग पर मेहरबान रहा जिससे दोनों महीने जमकर वर्षा हुई लेकिन अगस्त में मानसून द्रोणिका की स्थिति में बदलाव आने के साथ ही वर्षा की रफ्तार धीमी पड़ गई। इसका असर समग्र वर्षा पर पड़ा तथा सरगुजा एवं जशपुर की वर्षा का आंकड़ा औसत वर्षा से नीचे पहुंच गया। वर्तमान में सरगुजा में सामान्य से 26 फीसदी एवं जशपुर में 21 फीसदी



कम वर्षा दर्ज की गई है। इसके विपरीत बलरामपुर जिले में औसत से 57 फीसदी एवं सूरजपुर में 3 फीसदी अधिक वर्षा हुई है। अम्बिकापुर ब्लॉक में औसत वर्षा 1220 मिमी का कोटा पूर्व में ही पूरा हो गया था अब तक यहां 1328.7 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। पिछले साल अम्बिकापुर में मानसून अवधि में 1357 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी। मौसम विज्ञानी आगामी दिनों में अच्छी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। पिछले साल जून में 115.8 मिमी वर्षा हुई थी जबकि इस बार 239.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जुलाई महीने में भी पिछले साल की वर्षा 369.8 मिमी की तुलना में 662.9 मिमी वर्षा हुई। अगस्त महीने में वर्षा की रफ्तार कम होने के कारण मात्र 374.2 मिमी वर्षा हुई जबकि पिछले साल 595.9 मिमी वर्षा हुई थी। सितम्बर महीने में अब तक मात्र 51.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। फिलहाल बंगाल की खाड़ी शांत पड़ी है। मौसम विज्ञानी उड़ीसा की खाड़ी में 10 सितम्बर के आसपास हलचल होने एवं कम दबाव का क्षेत्र बनने एवं लो प्रेशर के प्रभाव से मानसून द्रोणिका के सामान्य स्थिति में लौटने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। लो प्रेशर किस दिशा में आगे बढ़ेगा अभी इसका अनुमान नहीं लगाया जा सका है। मौसम विज्ञानी लो प्रेशर के सक्रिय होने तक आसपास साफ रहने एवं स्थानीय प्रभाव से छिटपुट वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

